## पुलिस प्रशासन ने निकाली तिरंगा रैली

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर में शनिवार को पुलिस प्रशासन की ओर से तिरंगा रैली निकाली गई। विवेकानंद चौक से शुरू हुई रैली का शुभारंभ एसडीएम बृजेश गुप्ता और सीआई विनोद सामरिया ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद किया।रैली में बाद में डीएसपी विकास धीन्धवाल भी शामिल हुए। युवाओं की टोली के साथ बाईकों पर सभी अधिकारी सवार हुए। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों के बीच भारत माता के जयकारों से देशभक्ति का माहौल बन गया।

तिरंगा यात्रा शहर के विवेकानंद चौक से शुरू होकर, पुरानी तहसील रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड, खेतड़ी रोड, बाईपास रोड, पिलानी रोड, स्टेशन रोड, नया बस स्टैंड, चुंगी चौराहा, अरड़ावतिया कॉलोनी, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर के परिक्रमा कर वापस विवेकानंद चौक पहुंचकर विसर्जित हुई। इस दौरान एसडीएम, डीएसपी और सीआई ने सभी को राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव बनाए रखने का आव्हान किया। इस दौरान मुकेश खंडेलवाल, महेंद्र मोदी, एडवोकेट लोकेश शर्मा, राजू मराठा, मुकेश जलिंद्रा, राजू मराठा, अशोक शर्मा, विकास पायल, गौरक्षक अभिषेक पारीक, बाबूसिंह राजपुरोहित, सुभाष पंवार, ईशु सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और युवा मौजूद रहे।

# 'तिरंगे के लिए हम अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार रहें'

**चूरू,** (कासं.)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों हेतु पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं की वर्चुअल बैठक ली।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से वर्चुअली संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर घर तिरंगा अभियान एक ऐसा प्रयास है जिससे देश के प्रत्येक व्यक्ति के मन में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रीय प्रतिकों के प्रति मान व सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर कार्यकर्ता विभाजन विभिषिका पर गोष्ठी रखें। राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे इस कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाएं। इसके लिए टीम बनाकर जगह-जगह बैठक लें एवं लोगों को प्रेरित करें कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने घरों पर मान-सम्मान के साथ तिरंगा झण्डा लहराएं। राठौड़ ने कहा कि ये तिरंगा झण्डा हमारे मान व सम्मान का प्रतीक है। इस झण्डे के सम्मान के लिए हमारे देश के सपूतों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

उन्होंने कहा कि हम सब भारतियों का दायित्व है कि तिरंगे के लिए हम अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने इस अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस अभियान से जहां राष्ट्र प्रेम की ज्वाला का संचार होगा, वहीं देश में एक ऐसा वातावरण बनेगा जिसमें हम सब गौरव का अनुभव कर पायेंगे। राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ स्तर तक जाकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक कार्यक्रम बनाने में अपना योगदान दें क्योकि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होकर भारत माता के लिए समर्पण भाव से कार्य करता है और उन्हें उम्मीद है कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देगा।

यहां विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में इस कार्यक्रम को लेकर जोश व उमंग है। उससे लगता है कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बन पड़ेगा। सहारण ने कार्यकर्ताओं को आव्हान किया कि वे इस अवसर पर महापुरूषों के बारे में लोगों को जानकारी दें। प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला ने कहा कि इस कार्यक्रम में देश का प्रत्येक व्यक्ति सिद्धत के साथ जुड़ा हुआ है। तिरंगे की मान सम्मान के लिए तत्पर है। डॉ. चावला ने सबसे आव्हान किया कि वे लगातार परिश्रम कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।



चूरू में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों हेतु पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं की वर्चुअल बैठक ली।

## दीक्षान्त समारोह आयोजित

**चूरू,** (कासं.)। आदान विक्रेताओं के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का दीक्षान्त समारोह शनिवार को परियोजना निदेशक (आत्मा) कार्यालय में विधायक हरलाल सहारण के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान दीपचन्द राहड़ ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक हरलाल सहारण ने डिप्लोमा प्राप्त कृषि आदान विक्रेताओं से कृषक हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शीघ्र ही चूरू में कृषि महाविद्यालय खोलने जा रही है, जो आपके लिये बहुत ही लाभदायक होगा। प्रधान दीपचन्द राहड़ ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बताते हुए इससे जुड़े सभी लोगों को कृषक कल्याण के लिये कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता विक्रम सिंह कोटवाद व दीनदयाल सैनी ने इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम को रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसे कृषक हित के कार्यक्रमों में वृद्धि करने पर बल दिया। यहां कृषि अनुसंधान अधिकारी डॉ. कविता बुडानिया व सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी रामेश्वरलाल सहारण ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अतिथियों ने मुकेश सहारण को स्वर्ण पदक, प्रदीप यादव को रजत पदक व हेमराज बांगडवा को कास्यं पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुनिता, अनु, उत्तमसिंह, सुरेन्द्र सिहाग व धर्मवीर वालिया को विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा का झुंझुनूं दौरा

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा महिला मोर्चा ने राजस्थान में प्रस्तावित उप चुनावों को लेकर सक्रियता बढा दी है। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी शनिवार को झुंझुनूं पहुंची और उन्होंने झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की महिला मोर्चा की बूथ प्रभारियों के साथ बैठक की।

बैठक में झुंझुनूं की प्रभारी व प्रदेश महामंत्री राधा भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी सैनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योराण, जिला महामंत्री पूनम गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष अनिता जांगिड़ व नगर अध्यक्ष सावित्री सैनी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी ने महिला कार्यकर्ताओं को अभी से बूथ और डोर टू डोर कैंपेन शुरू करने का आव्हान किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर**
**पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/181 दिनांक :- 05/08/2024

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धनराज पुजारी व सुशील पुजारी पुत्रगण चन्दनमल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 02 पट्टा जारी दिनांक 26/07/1995 पट्टा धारी का नाम धनराज पुजारी व सुशील पुजारी पुत्रगण चन्दनमल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर में स्थित सम्पति आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनाथ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा पट्टा सं. 02 पट्टा जारी दिनांक 26/07/1995, पट्टा धारी का नाम धनराज पुजारी व सुशील पुजारी पुत्रगण चन्दनमल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से जारी किया गया है।

2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 331 वर्ग गज (2980 वर्ग फुट) है।

सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- चिरंजीलाल पुत्र शिवदत राय ब्राह्मण (ख) पश्चिमः- मकानात श्रीराम पुत्र बंशीधर पुजारी (ग) उत्तरः-मकानात श्याम सुंदर पुत्र शुभकरण शर्मा (घ) दक्षिणः- आम रास्ता।

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यवसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई/किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो दिनांक 05/09/2024 को प्रातः 11.00 AM तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**
**गीता, सरपंच** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**


# सड़क की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के गोठड़ा के ग्रामीणों ने टूटी सड़क की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर शनिवार को विधायक को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ग्रामीणों ने आमजन को हो रही परेशानी को लेकर जल्द समाधान करने की मांग की है।

■ **सड़क में गड्ढे होने से आए दिन हो रहे है हादसें**

ग्रामीणों की ओर से विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर को दिए ज्ञापन में बताया कि स्टेट हाईवे 13 के शहीद धर्मपाल सैनी स्मारक से लेकर गोठड़ा बाइपास होते हुए सड़क बनी हुई थी। पिछले काफी समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह से टूट गई है तथा जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के समय गढ्डों में पानी का भराव हो जाने से आमजन का आवागमन बंद हो जाता है। इसके अलावा सड़क में गड्ढे होने से वाहन ड्राइवर आए दिन हादसों का शिकार हो रहे है। ग्रामीणों की ओर से सड़क की मरम्मत करवाने को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को अवगत करवाया गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से सड़क की मरम्मत को लेकर प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि सड़कों की मरम्मत को लेकर राज्य सरकार के समक्ष अवगत करवाया गया है। बरसात का मौसम होने के कारण सड़कों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। सड़कों की मरम्मत को लेकर गोठड़ा के पास प्लांट लगाकर सड़कों की मरम्मत कार्य करवाया जाएगा। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से बजट में स्वीकृत की गई राजोता से बसई सीमा, मावंडा से मेहाड़ा, पपुरना से रामकुमारपुरा होते हुए डाबला सड़क का भी जल्द निर्माण शुरू करवाया जाएगा। इस मौके पर बबलू अवाना, बहादुर मल खटाणा, घनश्याम सेन, मनोज सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, कैलाश सैनी, कुलदीप शर्मा, गौरव, सत्यनारायण, राजकुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## विशाल रात्रि जागरण किया

**सीकर,** (निसं)। श्याम दिवानों ने विगत रात्रि यहां बद्रीविहार में आयोजित विशाल रात्रि जागरण में नाच गाकर बाबा के दरबार में धूम मचा दी। शाम के समय पं. सौरभ व्यास द्वारा बाबा की ज्योत लेने के बाद एक से बढकर एक भजन, धमाल व पुराने भजन गाकर विभिन्न गायक गायिकाओं ने शमा बांध दिया। मध्य रात्रि के बाद भी श्रद्धालु भजनों पर झूमते नाचते रहे। श्याम बाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने अपने स्वरचित नये भजनों से कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। उन्होंने लगातार एक से बढकर एक रचनाएं श्यामप्रभु को रिझाने के लिए गाई, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। बाद में भजन गायक श्यामसुन्दर रूपगढ़वाले, यश चौहान, अनिता शर्मा, वन्दना राठौड़, शिवरतन शर्मा आदि ने भी अपने भजनों से बाबा को रिझाया। जागरण में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पवन गिनोड़िया, अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, दिनेश शर्मा, वीरेन्द्र माथुर, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, सत्य पटेल, शेरसिंह चौहान, कल्याण बिल्खीवाल, जितेन्द्र बिल्खीवाल आदि सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# 'टेलिकॉम टॉवरों से नहीं होता कैंसर, भ्रांति करनी होगी दूर'

**झुंझुनूं,** (निसं)। मोबाइल के बढते उपयोग और उसके साथ ही बढती नेटवर्क समेत अन्य समस्याओं के समाधान खोजने और कई भ्रांतियों को दूर करने के लिए अब टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया, यानि कि ट्राई और उपभोक्ता मार्गदर्शन समिति ने प्रदेश में हर जिले में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला के आयोजन शुरू हुए।

राजसमंद, चूरू के बाद शनिवार को झुंझुनूं में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य तथा उपभोक्ता मार्गदर्शन समिति के सचिव लियाकत अली थे। कार्यशाला को जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील तथा सदस्य नीतू मुरारी सैनी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर लियाकत अली के सामने मोबाइल उपभोक्ताओं ने कॉल ड्रॉप की समस्या रखी। जिस पर बोलते हुए लियाकत अली ने कहा कि जब तक मोबाइल टॉवरों की संख्या नहीं बढेगी। इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए हमें इस भ्रांति को दूर करना होगा कि टॉवरों के कारण कैंसर या फिर कोई बीमारी होती है। हमें अपने इलाकों में मोबाइल टॉवर लगाने में सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर मोबाइल उपभोक्ताओं ने अनचाहे मैसेज, अनचाहे कॉल और कम इंटरनेट स्पीड जैसी समस्याओं को भी रखा। लियाकत अली ने बताया कि पहले की मुकाबले अब काफी हद तक मोबाइल कंपनियां कंज्यूमर की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनचाहे मैसेज, अनचाहे कॉल और इंटरनेट स्पीड के मामले में सजग हुई है। फिर भी कार्यशाला में आई समस्याओं को ट्राई के समक्ष रखकर कंपनियों से समाधान करवाया जाएगा। पहले भी जो समस्याएं सामने आई है। उनका समाधान करवाया गया है। इस मौके पर कार्यशाला में भागीदारी करने वाले उपभोक्ताओं एवं विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



कार्यशाला को उपभोक्ता मार्गदर्शन समिति के सचिव लियाकत अली तथा सदस्य नीतू मुरारी सैनी ने संबोधित किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर**
**पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/180 दिनांक :- 05/08/2024

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धनराज पुजारी व सुशील पुजारी पुत्रगण चन्दनमल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 15 पट्टा जारी दिनांक 14/08/1990 पट्टा धारी का नाम धनराज पुजारी व सुशील पुजारी पुत्रगण चन्दनमल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर में स्थित सम्पति आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनाथ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 15 पट्टा जारी दिनांक 14/08/1990, पट्टा धारी का नाम धनराज पुजारी व सुशील पुजारी पुत्रगण चन्दनमल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से जारी किया गया है।

2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 224.66 वर्ग गज (2022.01 वर्ग फुट) है।

सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- मकानात देवकीनंदन पुजारी (ख) पश्चिमः- मकानात चौथमल पुजारी (ग) उत्तरः-आम रास्ता (घ) दक्षिणः- मकानात मदनलाल शर्मा।

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यवसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई/किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो दिनांक 05/09/2024 को प्रातः 11.00 AM तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**
**गीता, सरपंच** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**


## खेतड़ी में तिरंगा रैली निकाली

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे के राजकीय जयसिंह स्कूल में शनिवार को तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक कर राष्ट्रीय ध्वज के महत्व की जानकारी दी गई। स्कूल प्राचार्य जिले सिंह ने बताया कि देश की स्वतंत्रता को लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर घोषित लोग काफी उत्साहित हैं। वहीतिरंगाअभियान को लेकर प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आजादी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर युवा मंडल, स्वयं सेवी संस्था व अन्य संगठन लोगों को देश की आजादी के महत्व की जानकारी देते हुए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंनेतिरंगावितरण अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है तथा देश की आजादी के लिए हमारे अनेक महापुरुषों ने अपने जीवन का बलिदान दिया था।

# 'वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी'

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय मण्डेलिया हाउस में युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र टीम चूरू की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहम्मद हुसैन निर्वाण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर ने की। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रवक्ता सद्दाम हुसैन, पार्षद प्रतिनिधि अजीज खान दिलावरखानी, पार्षद प्रतिनिधि खालिद कुरैशी, पार्षद तारीक नागोरी, पार्षद समीउल्लाह, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष वसीम चौहान आदि थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहम्मद हुसैन निर्वाण ने कहा कि वृक्षारोपण यानी वृक्ष लगाना। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। निर्वाण ने कहा कि पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि यदि अधिक पेड़ लगाए जाएंगे तो दुनिया का पर्यावरण रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान बन जाएगा।

वृक्षारोपण प्रदूषण को भी कम करता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित होता है। खोखर ने कहा कि पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत अधिक आवश्यक है।

## पोस्टर प्रतियोगिता

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख द्वारा शनिवार को तिरंगा यात्रा एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं देशभर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में चलाए जा रही तिरंगा यात्रा, 'घर- घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' के अंतर्गत सिद्धमुख गांव के मुख्य चौक से तिरंगा यात्रा निकाली गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्रा.प./सा./194 दिनांकः-05.08.2024

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालासर में निम्नलिखित पट्टों के आवेदन पर राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 148 के तहत आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है।

| क्र. सं. | पट्टा आवेदक का नाम | पड़ौसियों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | यशोदानंदन पुजारी पुत्र रामदेव पुजारी | संस्कृत स्कूल | आम रास्ता | भूमि भवानी शंकर पुजारी | आम रास्ता |
| 2 | भवानी शंकर पुजारी पुत्र राजाराम | संस्कृत स्कूल | आम रास्ता | भूमि नितिन पुजारी | भूमि यशोदानंदन पुजारी |
| 3 | नितिन पुजारी पत्र देवकीनन्दन पुजारी | संस्कृत स्कूल | आम रास्ता | भूमि नवीन पुजारी | भूमि भवानी शंकर |
| 4 | नवीन पुजारी पुत्र देवकीनंदन पुजारी | संस्कृत स्कूल | आम रास्ता | भूमि रामरखी देवी | भूमि नितिन पुजारी |
| 5 | रामरखी देवी पत्नी विश्वनाथ पुजारी | संस्कृत स्कूल | आम रास्ता | भूमि अनिल पुजारी | नवीन पुजारी |
| 6 | अनिल कुमार पत्र विश्वनाथ पुजारी | संस्कृत स्कूल | आम रास्ता | भूमि इंद्रचंद हुलास व सुरेश पौद्दार | भूमि रामरखी देवी |

उपरोक्त आबादी भूमि के पट्टे बनाने के आवेदनों पर आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है, इन संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 05.09.2024 को प्रातः 11.00 AM तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति को प्रस्तुत करे( समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**
**गीता, सरपंच** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर**
**पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2024/179 दिनांक :- 05/08/2024

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भागीरथमल शर्मा व संजय शर्मा पुत्रगण पुरुषोत्तम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 12 पट्टा जारी दिनांक 03/02/1990 पट्टा धारी का नाम श्री पुरुषोत्तम पुजारी पुत्र छगनलाल पुजारी, पट्टा सं. 15 पट्टा जारी दिनांक 01/05/1997 पट्टा धारी का नाम श्री पुरुषोत्तम पुजारी पुत्र छगनलाल पुजारी व पट्टा सं.B-6 पट्टा जारी दिनांक 15/02/1997 पट्टा धारी का नाम श्री पुरुषोत्तम पुजारी पुत्र छगनलाल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा सं. 12 पट्टा जारी दिनांक 03/02/1990, पट्टा सं. 15 पट्टा जारी दिनांक 01/05/1997 व पट्टा सं. B-6 पट्टा जारी दिनांक 15/02/1997 पट्टाधारी का नाम श्री पुरुषोत्तम पुजारी पुत्र छगनलाल पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है। पट्टाधारी की मृत्यु के उपरांत उक्त पट्टे का पट्टाधारी के वारिसों के द्वारा रजिस्टर्ड हक परित्याग आवेदनकर्ता श्री भागीरथमल शर्मा व संजय शर्मा पुत्रगण पुरुषोत्तम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के पक्ष में संयुक्त रूप से जारी किया गया। तथा साथ ही उक्त सभी पट्टों का रजिस्टर्ड विभाजन आवेदनकर्ताओं द्वारा उपपंजीयन कार्यालय सालासर में करवाया गया।

पट्टा सं. 12 जारी दिनांक 03/02/1990 क्षेत्रफलः- 182 वर्ग गज

सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- आम रास्ता (ख) पश्चिमः- मकानात देवाराम पुत्र भानाराम जाट (ग) उत्तरः- कानाराम व रतनाराम पुत्र खुमाराम जाट (घ) दक्षिणः- मकानात नरसिंह पुजारी।

पट्टा सं. 15 पट्टा जारी दिनांक 01/05/1997 क्षेत्रफल :- 230.22 वर्ग गज

सम्पति के पडौसान :- (क) पूर्वः- मकानात नरसिंह पुत्र छगनलाल व पुरुषोत्तम पुत्र छगनलाल (ख) पश्चिमः- आम रास्ता (ग) उत्तरः- भगवानाराम पुत्र देवाराम जाट (घ) दक्षिणः- आम रास्ता

पट्टा सं. B-6 जारी दिनांक 15/02/1997 क्षेत्रफलः- 282.66 वर्ग गज

सम्पति के पडौसानः- (क) पूर्वः- आम रास्ता (ख) पश्चिमः- मकानात भगवानाराम व रामेश्वरलाल ढाका (ग) उत्तरः- भगवानाराम पुत्र देवाराम (घ) दक्षिणः- मकानात पुरुषोत्तम पुत्र छगनलाल।

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यवसायिक सपरिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 05/09/2024 को प्रातः 11.00 AM तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**
**गीता, सरपंच** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**


# महपालवास मर्डर मामले में मुख्य आरोपी समेत चार आरोपी ओर गिरफ्तार

**सूरजगढ़,** (निसं)। थाना इलाके महपालवास गांव में छह अगस्त की रात को गोली मारकर और तलवार से हाथ काटकर की गई अंकित उर्फ अमित जाट की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। वहीं मुख्य आरोपी सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ **अब तक हुई पांच गिरफ्तारी, दो फरार, पुलिस टीमें लगी है तलाश में**

सूरजगढ़ थाने में प्रेस वार्ता कर एसपी राजर्षि राज वर्मा ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मृतक अंकित उर्फ अमित जाट का पहले मुख्य आरोपी रिंकू सिंह की चचेरी बहन के साथ अफेयर था। इसके बाद उसने उसे छोड़कर रिंकू सिंह की सगी बहन के साथ शादी कर ली। इस शादी से पहले से ही रिंकू सिंह और मृतक अंकित उर्फ अमित के बीच रंजिश थी। क्योंकि एक बार रिंकू सिंह ने अंकित उर्फ अमित को थप्पड़ मारा था। जिसके बाद अंकित उर्फ अमित ने उसकी सगी बहन से शादी करने की धमकी दी और शादी भी कर ली। इसके बाद भी अंकित उर्फ अमित कई बार रिंकू सिंह का मजाक बनाता था। जिसके कारण रिंकू सिंह काफी समय से बदला लेने का मानस बना चुका था। छह मई की शाम को रिंकू सिंह ने अपने साथियों के साथ अंकित उर्फ अमित की हत्या कर दी। घटना के वक्त रिंकू सिंह समेत सात लोग शामिल थे। जिनमें से बोलेरो चालक मोहित जाट को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर हत्या में काम ली गई बोलेरो जब्त की चुकी है। वहीं बीती रात को चूरू जिले के मेहरासर गांव में दबिश देकर मुख्य आरोपी कुशलपुरा निवासी मृतक के साले रिंकू सिंह के साथ चिमा का बास निवासी दक्षित जाट, धींगड़िया निवासी सुमित राजपूत तथा चांदू सिंह की ढाणी तन जाखोद निवासी विकास खाती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि इस मामले में अभी दो नामजद आरोपी फरार है। जिनकी तलाश में टीमें लगाई हुई है। अब तक गिरफ्तार पांच आरोपियों में से दक्षित जाट का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पिछले महीने ही 25 जुलाई को दक्षित को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। लेकिन वह जमानत पर छूट आया और बाहर आते ही उसने रिंकू सिंह के साथ मिलकर यह वारदात कर डाली। एसपी ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए एएसपी फूलचंद मीणा, चिड़ावा डीएसपी विकास धींधवाल तथा छह थानों के एसएचओ के नेतृत्व में 10 टीमें बनाई थी। जिन्होंने करीब 50 से अधिक जगहों पर दबिशें दी। 200 से अधिक लोगों से पूछताछ और 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर आरोपियों को पकड़ा है। वारदात करने के बाद आरोपी लोहारू गए। जहां पर उन्होंने रेलवे स्टेशन पर रात गुजारी और फिर ग्रुपों में अलग-अलग हो गए। अभी पुलिस हथियार बरामदगी के प्रयास कर रही है।



पुलिस के गिरफ्त में आये आरोपी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्रा.प./सा./196 दिनांकः-05.08.2024

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालासर में निम्नलिखित पट्टों के आवेदन पर राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 148 के तहत आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है।

| क्र. सं. | पट्टा आवेदक का नाम | पड़ौसियों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | ओमप्रकाश पुत्र पीथाराम जाट | मकानातः- रामचन्द्र आर्य पुत्र पीथाराम | मकानातः- रामेश्वर पुत्र हनुमानाराम | आम रास्ता | भूखण्ड लक्ष्मीनारायण पत्र चौथमल पुजारी |
| 2 | अनुज पुजारी पुत्र अर्जुन पुजारी | भूखण्डः- दीनदयाल पुजारी पुत्र वासुदेव पुजारी | मकानातः- कुशला राम प्रजापत | भूखण्ड- दुदाराम जाट | भूखण्डः- बाबूलाल पुजारी व नवीन कुमार तथा आम रास्ता |
| 3 | श्यामलाल पुत्र छोटूराम हरिजन | मकानातः- श्रीराम पुत्र प्रहलाद राम | मकानातः- नाथूरा व सुहाराम हरिजन | आम रास्ता | मकानातः- राजू पुत्र पपुराम हरिजन |
| 4 | ओमकंवर पत्नी रतन सिंह व सरोज कंवर पत्नी राजेन्द्र सिंह | मकानातः- राजू व महबूब ढाढी | मकानातः- कमल पुत्र रामेश्वरलाल शर्मा | मकानातः- रामू राम प्रजापत | आम रास्ता |

उपरोक्त आबादी भूमि के पट्टे बनाने के आवेदनों पर आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है, इन संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 05.09.2024 को प्रातः 11.00 AM तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति को प्रस्तुत करे( समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**
**गीता, सरपंच** / **ग्राम पंचायत सालासर** / **पंचायत समिति, सुजानगढ़ (चूरू)**

# मालपुरा में चार साल बाद परम्परागत मार्ग से निकलेगी शिव कांवड़ यात्रा

## परम्परागत मार्ग से कांवड़ यात्रा निकालने की प्रशासन ने अनुमति दी, डीजे बजाने व आपत्तिजनक नारों पर प्रतिबंध रहेगा

**मालपुरा, (निसं)।** प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही सरकारी आदेश व प्रशासन का रवैया बदल गया, केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अपना वादा पूरा किया है। सरकार के समक्ष सनातन धर्म की मजबूती से पैरवी की गई व मालपुरावासियों की जनभावनाओं से अवगत करवाने व सभी पहलुओं पर गहन मंथन के बाद आखिरकार चार साल बाद परम्परागत मार्ग दूदू-छाण स्टेट हाईवे से ही मालपुरा में कांवड़ यात्रा के आयोजन की उपखण्ड मजिस्ट्रेट कपिल शर्मा ने शिव कांवड़ यात्रा आयोजन समिति को शनिवार को सशर्त प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी।



मालपुरा में कांवड़ यात्रा के आयोजन को लेकर एडीएम सुरेश चौधरी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट कपिल शर्मा, एएसपी रामकुमार कस्वा, डीवाईएसपी महेन्द्र मीणा ने प्रेस वार्ता की।

शनिवार की शाम एसडीएम कार्यालय में उपखण्ड मजिस्ट्रेट कपिल शर्मा द्वारा जारी की गई प्रेस वार्ता में मौजूद एडीएम सुरेश चौधरी ने बताया कि 11 अगस्त को प्रातः 8 बजे केदारनाथ मंदिर से कांवड़ियों का दल बीसलपुर के लिये रवाना होगा। जहां से पवित्र जल की कांवड़ भरकर कांवड़ यात्रा मालपुरा के लिये रवाना होगी। गोकर्णेश्वर महादेव घाट पर तैनात पुलिस के अधिकारी व जाप्ता कांवड़ यात्रा आयोजन समिति की ओर से उपलब्ध करवाई गई कांवड़ियों के रजिस्ट्रेशन सूची के आधार पर सभी कांवड़ियों व उनकी व्यवस्थाओं में लगने वाली टीम को प्रशासन की ओर से अधिकृत आई कार्ड जारी करेंगे। एडीएम सुरेश चौधरी ने बताया कि बिसलपुर से ही कड़ी पुलिस सुरक्षा में टोडा, मोर, टोरडी व अम्बापुरा होते हुये 12 अगस्त की शाम चार बजे मालपुरा पहुंचने वाली कांवड़ यात्रा में शामिल सभी आई कार्डधारियों को आरएएसी लाइन के पास एकत्रित कर कड़े पुलिस सुरक्षा घेरे में दूदू-छाण स्टेट हाईवे के ट्रक स्टेण्ड, डेयरी चौराहा, व्यास सर्किल, नवीन मंडी, सुभाष सर्किल होते हुये केदारनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ियों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक किया जायेगा। यात्रा आयोजन समिति की ओर से दिये प्रार्थना पत्र में जिस मार्ग से यात्रा की स्वीकृति मांगी गई थी उसी मार्ग से शांति व कानून व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुये सशर्त अनुमति दी गई है। एडीएम सुरेश चौधरी ने बताया कि यात्रा में कांवड़ियों के अतिरिक्त भीड़ के शामिल होने, डीजे बजाने, आपत्तिजनक व भडकाऊ नारे लगाने, निर्धारित मार्ग से अतिरिक्त मार्ग पर जाने, मार्ग में स्वागत पर प्रतिबंध रहेगा। कांवड़ यात्रा मार्ग को कांवड़ कोरीडोर में तब्दील कर वाहनों व आमजन के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

एडीएम सुरेश चौधरी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर एक दर्जन ड्रोन व पांच दर्जन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। जिनका कन्ट्रोल रूम थानाधिकारी कक्ष में होगा। कांवड़ मार्ग पर चार स्थानों पर बडी स्क्रीन एलईडी लगाई जायेगी जिस पर कांवड़ यात्रा का तथा सुरक्षा व्यवस्था का प्रसारण रहेगा।

■ एक हजार से अधिक जवान व अधिकारी तैनात रहेंगे, एक दर्जन ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानी

यात्रा में कांवड़ियों को प्रतिबंधित व धारदार हथियार की अनुमति नहीं होगी। 11 व 12 अगस्त को मालपुरा शहर में आरएसी, एसटीएफ, दंगारोधक, वज्र वाहन सहित पुलिस जवानों की पांच कम्पनियों के साथ एक हजार से अधिक अधिकारी व जवानों का जाप्ता चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। एडीएम सुरेश चौधरी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे मकानों की छतों पर हथियारों से लैश होकर जवान तैनात रहेंगे। कांवड़ मार्ग पर सभी मकानों में पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर जांच की गई है। मार्ग से सड़क किनारे पड़े पत्थर, ईंट इत्यादि निर्माण सामग्री को हटा दिया गया है।

शिव कांवड़ यात्रा समिति व आयोजकों ने बताया कि चार साल बाद आयोजित कांवड़ यात्रा में केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक बाबा बालकनाथ, विधायक बालमुकन्दाचार्य, साध्वी समदर्शी, महंत रामशरण दास सहित अन्य संत शामिल होंगे।

# परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला मुख्य आरोपी अभ्यर्थी गिरफ्तार

## राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक हिंदी परीक्षा-2022

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक हिंदी परीक्षा-2022 में अभ्यर्थी द्वारा अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अजमेर पुलिस गिरफ्तार आरोपी अभ्यर्थी को अदालत में पेश करेगी। पुलिस जांच में सामने आया है कि डमी अभ्यर्थी आरोपी का दोस्त था और दोनों के बीच पांच लाख में परीक्षा देने का सौदा हुआ था। आरोपी ने एडमिट कार्ड में दोस्त की फोटो लगाकर परीक्षा में बैठाया। पूर्व में पुलिस डमी अभ्यर्थी को पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी अभ्यर्थी।

सहायक उप निरीक्षक प्रभु लाल ने बताया कि 10 जनवरी को सिविल लाइन थाने में राजस्थान लोक सेवा आयोग के सहायक सचिव सायरमल कुमार की ओर से परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सहायक सचिव द्वारा शिकायत दी गई थी कि जिला सांचौर निवासी अभ्यर्थी ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम खिलेरी ने वरिष्ठ अध्यापक हिंदी परीक्षा में प्रवेश पत्र में छेड़छाड़ कर अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी सांचौर निवासी भैराराम बिश्नोई से परीक्षा दिलवाई थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था मामले की जांच अभय कमांड एडिशनल एसपी संजय शर्मा को दी गई थी।

**डमी अभ्यर्थी आरोपी का दोस्त :-** सहायक उप निरीक्षक प्रभुलाल ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश फरार चल रहा था जबकि डमी अभ्यर्थी भैराराम बिश्नोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, ओमप्रकाश व भैराराम दोस्त है। पुलिस गिरफ्तार डमी अभ्यर्थी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। साथ ही भेराराम के खिलाफ चालान भी पेश कर दिया गया है।

■ डमी अभ्यर्थी आरोपी का दोस्त था और दोनों के बीच पांच लाख में परीक्षा देने का सौदा हुआ था

जांच अधिकारी प्रभुलाल ने बताया कि मामले में फरार चल रहे आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ओमप्रकाश बार-बार परीक्षा में फेल हो रहा था इसके बाद डमी अभ्यर्थी भेराराम के द्वारा आरोपी से कहा गया कि वह बार-बार फेल हो रहा है इस बार उसकी जगह एग्जाम दे देगा क्या। बाद में दोनों के बीच सौदा होने पर आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश ने डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा दिलवाई। जांच अधिकारी प्रभु लाल ने बताया कि ओमप्रकाश के द्वारा डमी अभ्यर्थी भैराराम को जोधपुर में 5 लाख रुपए दिए गए थे। पुलिस के द्वारा जहां पैसे दिए गए वहां की मौका तस्दीक भी कर ली गई है। डमी अभ्यर्थी ने मुख्य आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश के एडमिट कार्ड में फोटो बदलकर परीक्षा दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी अभ्यर्थी को आज कोर्ट में पेश कर अनुसंधान किया जाएगा। जांच में यह बात सामने आई थी भैराराम 2022 में हिंदी लेक्चरर परीक्षा पास कर चुका है, जिसमें वह राजस्थान में टॉपर रहा था। पैसों के लालच में उसने दोस्त के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# निवाई में मूसलाधार बारिश से कॉलोनियां जलमग्न

## सवा पांच इंच बरसात दर्ज, सरकारी कार्यालय परिसर तालाब बने



रजवास मुख्य सड़क मार्ग में भरे हुए पानी में से गुजरते हुए छात्र-छात्राएं।

**निवाई, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से कई कॉलोनियों व सरकारी कार्यालयों सहित जगह-जगह पानी भर गया। शनिवार की सुबह शहर में बूंदाबांदी के साथ बरसात का दौर शुरू हुआ। सुबह करीब 10 बजे मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ जो करीब पौने 2 घंटे तक चला। इस दौरान करीब 136 एमएम (सवा पांच इंच) बारिश दर्ज की गई।

मूसलाधार बारिश से शहर के पश्चिम में स्थित रक्तांचल पर्वत के पीछे बोरंगी में एनिकट एवं आसजी का बंधा भरकर ओवरफ्लो हो गया जिससे कोशी गंगा में नदी की तरह पानी बहने लगा। तेज बारिश के चलते पूरे रक्तांचल पर्वत पर तेज गति से झरने बहने लगे। इधर बरसाती पानी से भरकुआ तालाब पूरी तरह लबालब हो गया। मूसलाधार बारिश के चलते एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, विद्युत विभाग के सहायक व अधिशाषी अभियंता कार्यालय, डाक बंगला, दतवास पुलिस थाना परिसर सहित कई सरकारी कार्यालय परिसर में बरसाती पानी भर गया जिससे सभी कार्यालय तालाब नजर आने लगे। बाईपास पर स्थित अण्डर पास में सडक पर भरे हुए बरसाती पानी को जेसीबी से नाली बनाकर निकलवाया गया। इधर रजवास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मुख्य सड़क मार्ग पर घुटनों तक पानी बहता रहा जिसमें से स्कूली छात्र-छात्राओं को पानी में से होकर संभलते हुए निकलना पड़ा। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि शनिवार की शाम 5 बजे तक 136 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

# दिव्यांग की तालाब में गिरने से मौत

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड के ग्राम किराप में शनिवार को तालाब से पानी भरने गए दिव्यांग युवक के तालाब मे गिर जाने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम किराप निवासी बबलू उर्फ अमरचंद पुत्र मोतीलाल दमामी (30) वर्ष शनिवार को खेत पर कार्य कर रहा था। जिसके दौरान फसल में दवा का छिड़काव करने के लिए पास ही स्थित मनाघाटी तालाब से पानी लेने के लिए गया था। पानी भरने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ जाने से वह तालाब में गिर गया। तैरना नहीं आने के साथ साथ तालाब में लबालब पानी भरा होने से वह उसमें डूब गया। जिसकी जानकारी मिलने पर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे एवं घटना की सूचना प्रशासन एवं पुलिस को दी। जिस पर तहसीलदार श्यामलाल आमेटा व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर मानाघाटी के काफी गहरी होने से ब्यावर सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया।

# दो गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक पखवाड़े पूर्व शहर से चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद किया। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि वार्ड 11 से मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस को गश्त के दौरान मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी बजरंग पुत्र जगदीश रेगर तथा किरसन पुत्र रामदयाल जाट को गिरफ्तार किया है।

# फांसी पर लटका मिला बालक

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन के बड़कापुरा में स्थित एक घर में 15 वर्षीय किशोर का शव फांसी पर लटका हुए मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची हिण्डौन नई मंडी थाना पुलिस ने मृतक के शव को हिण्डौन के जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने किशोर की हत्या का आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिण्डौन के बड़कापुरा निवासी विकास जाटव का शव उसी के घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हिण्डौन नई मंडी थाना पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद नई मंडी थाना अधिकारी रामकिशन यादव मौके पर पहुंचे तथा शव को नीचे उतार कर हिण्डौन के जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने किशोर की हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

# दीया कुमारी, प्रेमचंद व देवनानी ने अमृतलाल मीणा को श्रद्धांजलि दी

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दिवंगत विधायक सलूंबर अमृत लाल मीणा के निजी आवास सलूंबर में लालपुरिया सेमारी गांव जाकर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वर्गीय मीणा के राजनीतिक और सामाजिक योगदान और क्षेत्र में उनके प्रेरणादायक नेतृत्व की सराहना की। देवनानी ने कहा कि स्वर्गीय मीणा जमीन से जुड़े नेता थे। स्थानीय लोगों में उनकी अच्छी छवि थी। उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने अमृत लाल मीणा के पुत्र अविनाश कपिल उनकी पत्नी शांता देवी और पुत्री प्रियंका तथा उनके परिवारजन के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान ग्रामवासियों और परिजनों ने देवनानी को स्थानीय महाविद्यालय का नाम दिवंगत विधायक मीणा के नाम से करने का अनुरोध किया। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने देवनानी को अनुरोध पत्र भी सौंपा। देवनानी की लालपुरिया यात्रा दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अमृतलाल मीणा को पुष्पाजंलि अर्पित की।

वहीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा शनिवार को सलूंबर क्षेत्र की यात्रा पर रहे। इस दौरान वे सलूंबर के दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा के पैतृक गांव लालपुरिया स्थित निवास पहुंचे और यहां पर मीणा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मीणा के परिजनों से भी मिलकर ढांढस बंधाया। इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री ने मीणा के योगदान और उनकी इस जनजाति अंचल के विकास में दिए गए योगदान व प्रेरक नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया भी शनिवार को सलूंबर क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा के निवास पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। गरासिया ने कहा कि मीणा इस जनजाति अंचल के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे और उन्होंने इस क्षेत्र को तीन बार नेतृत्व देकर जनजाति क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए विकास कार्यों को अंजाम दिया। उन्होंने मीणा के निधन को इस जनजाति अंचल के लिए अपूरणीय क्षति भी बताया।

# मानसरोवर झील में कूदकर युवक ने आत्महत्या की, नहीं हुई शिनाख्त

## एसडीआरएफ की टीम ने पुलिस के सहयोग से शव को झील से बाहर निकाला

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की पटेल नगर कॉलोनी में स्थित मानसरोवर झील में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस के सहयोग से मृतक के शव को झील से बाहर निकाला और एमजी हॉस्पिटल पहुंचाया।

प्रताप नगर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित मानसरोवर झील में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि झील की पाल के निकट तीन युवक बैठकर पार्टी कर रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर इनमें शर्त लगी, जिसके बाद एक युवक झील में कूद गया। हालांकि अभी कूदने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं, ना ही पुलिस को मृतक के बारे में उसकी पहचान से संबंधित कोई जानकारी मिली है।

■ पुलिस को मृतक के बारे में उसकी पहचान से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिली है

पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम की मदद से मृतक के शव को ढूंढने के अथक प्रयास किए, जिसके बाद करीब दो घंटे की जद्दोजहद करके शव को झील से बाहर निकल लिया गया। वहीं बड़ी संख्या में मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जमा होने की वजह से सर्च ऑपरेशन में भी पुलिस को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। सोशल मीडिया के जरिए पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।



मानसरोवर झील से शव को एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला।

# रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी के घर लाखों की चोरी

**अजमेर, (कासं)।** शहर में सक्रिय चोर गिरोह ने एक बार फिर सूने मकान को निशाना बनाया। अलवरगेट थाना क्षेत्र के मेयो कॉलेज के पीछे बीती रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान पर धावा बोलते हुए ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया और नगदी सहित सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। मकान मालिक बुजुर्ग दम्पति अपनी बेटी से मिलने गए हुए थे, पीछे से मकान सूना था। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलवरगेट थाना क्षेत्र के मेयो कॉलेज के पीछे सूर्य नगर राजू पट्टी वाले के पास रहने वाले मकान मालिक सुभाषचंद शर्मा ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित मकान मालिक सुभाषचंद शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी पत्नी के साथ चन्दरबरदाई नगर स्थित अपनी बेटी से मिलने गए हुए थे, पीछे से मकान सूना था, जब वह वापस लौटे तो घर के ताले टूटे हुए थे, कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरी नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गए। चोरी गए माल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई है।

# ऑनलाइन करोड़ों की राशि ठगने वाला गिरोह पकड़ा

**अजमेर, (कासं)।** फर्जी कॉल सेंटर के जरिए देश व विदेशी लोगों से ऑनलाइन करोड़ों रुपए की ठगी की वारदात अंजाम देने वाले साइबर क्राइम गैंग शनिवार को अजमेर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। अजमेर साइबर सेल टीम ने फॉयसागर रोड स्थित संजय पैलेस व वैशाली नगर स्थित डी लाइट होम स्टे कॉल सेंटर पर दबिश की बड़ी कार्रवाई अंजाम देते हुए 14 युवक और चार लड़कियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कॉल सेंटर से वारदात में इस्तेमाल लेपटॉप, मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद कर जब्त किया है।

एसपी देवेंद्र विश्नोई के दिशा निर्देशों पर ऑनलाइन ठगी की वारदात अंजाम देने वालों के खिलाफ अजमेर जिला पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा शनिवार को कार्रवाई करते हुए फर्जी कॉल सेंटर पर दबिश देकर साइबर क्राइम गिरोह भंडाफोड़ किया। एसपी विश्नोई ने कहा कि फर्जी कॉल सेंटर के जरिए साइबर गिरोह में शामिल युवक-युवतियां भोले-भाले लोगों को लालच का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

साबइर थाना प्रभारी मनीष चारण ने बताया कि साइबर सेल टीम व पुलिस की संयुक्त टीम ने कॉलसेंटर पर दबिश देकर 29 लेपटॉप व 40 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वैशाली नगर स्थित डी लाइट होम स्टे पर पंजाब निवासी शिवम नामक युवक सहित चार युवतियां और 14 युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी युवक-युवतियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। साबइर थाना प्रभारी मनीष चारण ने बताया कि एसपी देवेंद्र विश्नोई के दिशा निर्देशों पर कार्यवाही अंजाम दी गई है।

■ दो फर्जी कॉल सेंटर पर कार्रवाई, 14 युवक व चार लड़कियां गिरफ्तार

पुलिस पूछताछ में जानकारी सामने आई है कि अजमेर से सबसे अधिक फेक कॉल हो रही थी, इसके आधार पर साइबर सेल टीम ने करीब एक सप्ताह से गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक-युवतियां बाहर से आए हुए हैं। पुलिस को फिलहाल जानकारी मिली कि यह सभी आरोपित नेशनल ऑनलाइन ठगी जैसी वारदातों को अंजाम देने का काम कर रहे थे। पुलिस गैंग के मास्टरमाइंड की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

